संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद

लैंगिक समानता एवं महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिये समर्पित अपने प्रमुख वैश्विक **अंतर- सरकारी निकाय (महिलाओं की स्थिति से संबंधित आयोग)** से ईरान को बाहर करने हेतु **संयुक्त राष्ट्र** आर्थिक और सामाजिक परिषद के एक **मसौदा प्रस्ताव** से भारत ने स्वयं को अलग रखा है।

महिलाओं की स्थिति से संबंधित आयोग:

- यह लैंगिक समानता को बढ़ावा देने और महिलाओं के सशक्तीकरण के लिये विशेष रूप से समर्पित **प्रमुख वैश्विक अंतर-सरकारी निकाय है।**
- जून 1946 के **ECOSOC संकल्प द्वारा इसे आर्थिक और सामाजिक परिषद (ECOSOC) के कार्यात्मक आयोग के रूप में स्थापित किया गया था।** इस आयोग में संयुक्त राष्ट्र के 45 सदस्य देश शामिल हैं।

प्रस्ताव:

- **देश में महिलाओं और लड़कियों के उत्पीड़न का हवाला देते हुए** अमेरिका द्वारा मसौदा प्रस्ताव में वर्ष 2022-2026 के **शेष कार्यकाल के लिये CSW की सदस्यता से ईरान को हटाने** का प्रस्ताव पेश किया गया।
  - सितंबर 2022 में 22 वर्षीय **महसा अमिनी, जिसकी देश की मोरालिटी पुलिस (Morality police) द्वारा हिरासत में लिये जाने के बाद मृत्यु हो गई थी,** के कारण ईरान में कई बार ज़बरदस्त विरोध प्रदर्शन हुए।
- प्रस्ताव के पक्ष में 29 और विरोध में 8 मत पड़े। बोलीविया, चीन, कज़ाखस्तान , निकारागुआ, नाइजीरिया, ओमान, रूस, जिम्बाब्वे, बांग्लादेश, भारत, इंडोनेशिया, मॉरीशस, मेक्सिको तथा थाईलैंड सहित 16 देशों ने इसमें हिस्सा नहीं लिया।

संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद:

- **परिचय:**
  - यह समन्वय, नीति समीक्षा, नीतिगत संवाद, आर्थिक, सामाजिक एवं पर्यावरणीय मुद्दों पर सिफारिशों के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लक्ष्यों के कार्यान्वयन हेतु वर्ष 1945 में **संयुक्त राष्ट्र** चार्टर द्वारा स्थापित प्रमुख निकाय है।
  - इसमें महासभा द्वारा तीन वर्ष की अवधि के लिये निर्वाचित 54 सदस्य होते हैं।
  - यह **सतत् विकास** पर बहस एवं अभिनव सोच के लिये संयुक्त राष्ट्र का केंद्रीय मंच है।
    - प्रतिवर्ष ECOSOC सतत् विकास के लिये वैश्विक महत्त्व की वार्षिक थीम के इर्द-गिर्द अपनी कार्य संरचना बनाता है। यह ECOSOC के साझेदारों एवं संपूर्ण संयुक्त राष्ट्र विकास प्रणाली पर ध्यान केंद्रित करता है।
  - यह संयुक्त राष्ट्र की **14 विशिष्ट एजेंसियों, 10 कार्यात्मक आयोगों** और 5 क्षेत्रीय आयोगों के कार्यों का समन्वय करता है, 9 संयुक्त राष्ट्र निधियों एवं कार्यक्रमों से रिपोर्ट प्राप्त करता है तथा संयुक्त राष्ट्र प्रणाली व सदस्य राज्यों के लिये नीतिगत सिफारिशें जारी करता है।
- **ECOSOC के दायरे में आने वाले कुछ महत्त्वपूर्ण निकाय:**
  - **अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO)**
  - **खाद्य और कृषि संगठन (FAO)**
  - **संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (UNESCO)**
  - **विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)**
  - ब्रेटन वुड्स ट्विन्स (**विश्व बैंक समूह** और **अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष**)
  - **संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ)**
  - इनके अलावा विभिन्न कार्यात्मक और क्षेत्रीय आयोग, स्थायी समितियाँ, तदर्थ एवं विशेषज्ञ निकाय भी हैं।

UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न (PYQ):

प्रश्न. संयुक्त राष्ट्र के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: (2009)

1. संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक परिषद (ECOSOC) में 24 सदस्य देश शामिल हैं।
2. यह 3 वर्ष की अवधि के लिये महासभा के दो-तिहाई बहुमत द्वारा चुनी जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

उत्तर: (b)

स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/un-economic-and-social-council-ecosoc